# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

पत्रांक–डी0डी0–02–विविध–301/2023 (पार्ट–III) 8242(भ) पटना, दिनांक– 10/10/23

प्रेषक,

राकेश कुमार,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

सेवा में,

सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता (विद्युत सहित),
भवन प्रमंडल,
भवन निर्माण विभाग।

विषयः– प्रधान सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–18.09.2023 को भवन निर्माण विभाग के साथ आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही के अनुपालन के संबंध में।

प्रसंगः– सरकार के उप सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार सरकार का ज्ञापांक–2087, पटना, दिनांक–26.09.2023

महाशय,

प्रासंगिक पत्र के माध्यम से प्राप्त प्रधान सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–18.09.2023 को भवन निर्माण विभाग के साथ आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही की छायाप्रति संलग्न करते हुए निदेश दिया जाता है कि उक्त बैठक की कार्यवाही में वर्णित निदेशों का अंक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करें तथा विशेष कर सभी संबंधित छात्रावास के चहारदिवारी का त्रुटि निराकरण करते हुए नवीनतम फोटोग्राफ सहित अनुपालन प्रतिवेदन इस कार्यालय को उपलब्ध करायें।

अनु0:– यथोक्त।

विश्वासभाजन

10/10/23

(राकेश कुमार),
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 8242(भ) पटना, दिनांक– 10/10/23

प्रतिलिपिः–सभी संबंधित मुख्य अभियंता (विद्युत सहित)/सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता (विद्युत सहित), भवन अंचल, भवन निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/10/23

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 8242(भ) दिनांक– 10/10/23

प्रतिलिपिः–आई.टी. मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10/10/23

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

प्रधान सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–18.09.2023 को भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के साथ आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही:–

भवन निर्माण विभाग के माध्यम से अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास के भवन एवं चहारदीवारी निर्माण/जीर्णोद्धार संबंधी कार्यान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा की गयी। समीक्षात्मक बिंदु निम्न प्रकार है :–

➢ भवन निर्माण विभाग:–

1. सुपौल एवं खगड़िया जिलान्तर्गत 520 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय एवं चहारदीवारी निर्माण के संबंध में बताया गया कि निर्माण कार्य प्रगति पर है। अपेक्षित वित्तीय प्रगति, एवं निर्माण कार्य में तीव्रता लायी जाय।
2. शेखपुरा जिलान्तर्गत 520 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय निर्माण के संबंध में बताया गया कि प्रशासनिक भवन एवं दोनों छात्रावास भवनों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है एवं शिक्षक/गैर–शैक्षणिक आवास का सीमांकन किया जा रहा है।
3. जहानाबाद जिलान्तर्गत 520 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय एवं चहारदीवारी निर्माण के संबंध में बताया गया कि निर्माण कार्य प्रगति पर है।
4. कैमूर जिलान्तर्गत 520 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय निर्माण के संबंध में बताया गया कि चहारदीवारी के Footing का कार्य प्रक्रियाधीन है तथा विद्यालय भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। निर्माण कार्य बहुत धीमा है, इसमें अपेक्षित प्रगति लायी जाय।
5. बक्सर जिलान्तर्गत 520 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय निर्माण के संबंध में बताया गया कि निर्माण स्थल पर जल––जमाव होने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका है। निर्माण स्थल को चारों तरफ से घेराव कर उसमें मिट्टी भराई किया जाय एवं निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाय।
6. गोपालगंज जिलान्तर्गत 520 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय निर्माण के संबंध में बताया गया कि ले–आउट का कार्य प्रगति पर है।
7. बेगूसराय तथा पू0 चंपारण जिलान्तर्गत 520 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय निर्माण के संबंध में बताया गया कि Site Clearance का कार्य प्रगति पर है। पू0 चंपारण विद्यालय निर्माण से संबंधित संवेदक का नाम/पता अंकित किया जाय।
8. सिवान जिलान्तर्गत 520 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय निर्माण के संबंध में बताया गया कि साफ–सफाई का कार्य प्रगति पर है। संवेदक का नाम/पता अंकित किया जाय।
9. मधुबनी जिलान्तर्गत 520 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय निर्माण के संबंध में बताया गया कि भूमि का सीमांकन हो गया है। मिट्टी जॉच की प्रक्रिया में है।
10. कटिहार जिलान्तर्गत 520 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय का निर्माण कार्य स्थल के बीचोबीच से 132 केबी का बिजली तार गुजरने की वजह से बाधित है।

    जिला पदाधिकारी से वार्त्ता हुई, समस्या समाधान हेतु आश्वासन दिया गया।
11. पटना जिला में निर्मित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास भवन में निर्माणाधीन अतिरिक्त एक तल का फिनिशिंग कार्य प्रगति पर है। Data Cable, कम्प्यूटर, टी0वी0, प्रिंटर, एल0ई0डी0 लाईट, पंखा, ए0सी0 आदि के लिए अंतर्सतही विद्युत कनेक्शन, उच्च गुणवत्ता के विद्युत सामग्री का उपयोग एवं फर्नीचर का उचित प्रावधान करने के उपरांत ही हस्तांतरित किया जाय।
12. औरंगाबाद, वैशाली, सीतामढ़ी एवं लखीसराय जिलान्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास का मरम्मति/जीर्णोद्धार कार्य के संबंध में अवगत कराया गया कि निविदा आमंत्रित किया गया है।

प्राप्ति का तिथि
संख्या 26924 29/9/23
बिहार, पटना
अभियंता प्रमुख
भवन निर्माण विभाग

(4)

13. शिवहर जिलान्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास निर्माण के संबंध में शिक्षा विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए कार्रवाई की जा रही है।
14. शेखपुरा, भागलपुर एवं बक्सर जिलान्तर्गत जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास का मरम्मति/जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो गया है। स्नानागार आदि के मरम्मति कार्य एवं भवन मरम्मति का संयुक्त निरीक्षण कर लिया जाय।
15. अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, बाढ़ पोखर, दरभंगा के चहारदीवारी निर्माण के संबंध में अवगत कराया गया कि वित्तीय बीड प्रक्रियाधीन है।

    चूँकि यहाँ छात्राएं रह रही हैं, इसलिए चहारदीवारी का कार्य यथाशीघ्र करायी जाय। उक्त आवासीय विद्यालय भवन को 280 आसन से बढ़ाकर 520 आसन का करने के लिए प्राक्कलन भेजी जाय।
16. अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास, कटिहार के जीर्णोद्धार/मरम्मति कार्य के संबंध में बताया गया कि निविदा निष्पादन की प्रक्रिया में है।
17. अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास, दरभंगा (बी0एम0सी0) के पुराने भवन को तोड़कर वहाँ नया G+3 भवन के निर्माण हेतु प्राक्कलन गठित कर विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निचले तल पर कॉमन रूम तथा रसोईघर का निर्माण किया जाय।
18. अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास, बेगूसराय के चहारदीवारी निर्माण, संपर्क पथ एवं परिसर विकास कार्य के संबंध में अवगत कराया गया कि निर्माण कार्य प्रगति पर है।

महत्वपूर्ण बिन्दुः—

- सभी छात्रावासों के निर्माण एवं मरम्मति के दौरान बेसिन से जल निकासी/ड्रेनेज पाईप की समुचित व्यवस्था की जाय, ताकि अवशिष्ट पानी का फैलाव/जल जमाव भवन के आंतरिक एवं बाह्य परिसर में न हो।
- मरम्मति कार्य में निर्धारित मानक गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए सबसे पहले PHE तथा बिजली कनेक्शन का कार्य सम्पादित करावें, तत्पश्चात् सिविल कार्य कराया जाय, जिससे कि स्नानागार, शौचालय एवं भवन की फिनिशिंग बेहतर हो सके। सामग्री का प्रयोग Specification के अनुसार ही किया जाय। शौचालय में नल एवं विद्युत कनेक्शन सतह के अंदर (Under Surface) कराते हुए किचेन में 2 X 2 फीट आकार के टाईल्स एवं ग्रेनाईट का स्लैब लगाना सुनिश्चित करें।
- सभी संबंधित छात्रावास के चहारदीवारी का त्रुटि निराकरण कराते हुए नवीनतम फोटोग्राफ सहित अनुपालन प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया जाय।
- राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार दिसम्बर, 2024 तक सभी आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण कर संचालित किया जाना है। इसे ध्यान में रखकर निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति लायी जाय एवं ससमय निर्माण कार्य पूर्ण कर भवन हस्तांतरित की जाय।
- अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय के प्राक्कलन तैयार करते समय इस बात का ध्यान रखा जाय कि भवन निर्माणोपरांत जो भी जगह बचे, वह एक ही जगह हो तथा एक खेल के मैदान का भी प्रावधान हो।
- अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय एवं अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास के भवनों का निर्माण कार्य तथा मरम्मति/जीर्णोद्धार हेतु भवनों में विद्युत वायरिंग/स्नानागार, टाईल्स का स्लैब, शौचालय के फिटिंग्स आदि के विशिष्टियों (Specification) को प्रचारित (Circulate) कराया जाय ताकि कार्य पूर्णता के पश्चात् इसका सत्यापन किया जा सके।
- समुचित मात्रा में लाईट्स लगाना; टी0वी0, प्रिंटर, एल0ई0डी0 लाईट, पंखा, प्रोजेक्टर, ऑनलाईन कम्प्यूटर क्लास हेतु अलग—अलग विद्युत प्वांइट, डाटा केवल आदि तारों को अंतर्सतही व्यवस्थित किया जाय तथा कैंपस में टेलिफोन/इंटरकॉम का प्वांइट भी लगाया जाय।

- जिस आवासीय विद्यालय भवन/छात्रावास भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया हो अथवा पूर्ण होने की स्थिति में हो, वहाँ ऑडिटोरियम, सभाकक्ष, कम्प्यूटर प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास एवं पुस्तकालय के लिए फर्नीचर, विद्युत कनेक्शन, बेसिन, नल आदि का कार्य पूर्ण होने के उपरांत ही भवन को हस्तांतरित किया जाय। भवन का रंग संयोजन एक जैसा तथा मानक गुणवत्ता सहित कराया जाय।

सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गई।

ह०/- 26/09/2023
(पंकज कुमार)
प्रधान सचिव।

ज्ञापांक– पि0व0/अ0क0वि0नि0 एवं जी0–37–04/2021–2087/ पटना, दिनांक– 26/09/2023
प्रतिलिपिः–सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/- 26/09/23
उप सचिव।

ज्ञापांक– पि0व0/अ0क0वि0नि0 एवं जी0–37–04/2021–2087/ पटना, दिनांक– 26/09/2023
प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव के आप्त सचिव/विशेष सचिव कोषांग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/- 26/09/23
उप सचिव।